## Ovarian Cancer के लक्षण :-

निम्न लक्षण देखे जा सकते है जैसे -

1. योनि से रक्तस्त्राव (विशेष रूप से अगर मेनोपॉज हो चुका है) या योनि से असामान्य रक्तस्त्राव हो।
2. श्रोणिक क्षेत्र में दर्द या दबाव।
3. पेट में दर्द।
4. पेट का फूलना।
5. जल्दी पेट भरा हुआ लगना या खाने में परेशानी।
6. वजन का कम हो जाना।


## Ovarian Cancer का परिक्षण :-

1. **Medical/Family History** ली जाती है।
2. **Physical Examination** (शारीरीक परीक्षण) इसमें **Pelvic Examination & Rectal Examination** शामिल है।
3. **Blood Test** - इसमें **Tumor Marker Proteins** देखे जाते है।
4. **Imaging Test - CT SCAN MRI** या **PET SCAN** से अण्डाशय में हुए किसी भी प्रकार के परिवर्तन का पता लगाया जाता है।



# उपलब्ध सुविधाएं

- 7 स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम
- आधुनिक मेडिकल एवं सर्जिकल सेंटर
- प्रजनन केन्द्र (Fertility Centre) & IUI, IVF, ICSI
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (High Risk Pregnancy)
- आधुनिक दूरबीन पद्धति (Laparoscopy) द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बिना चीरा, बिना टांके के बच्चेदानी का ऑपरेशन (Vaginal Hysterectomy)
- गर्भाशय मुख की जाँच (Colposcopy)
- Malformation Scan (Sonography)
- विशेष गर्भ संस्कार मार्गदर्शन
- Hysteroscopy दूरबीन द्वारा बच्चेदानी की जाँच व ईलाज
- दर्द रहित प्रसव। (EPIDURAL)
- सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त गर्भपात एवं परिवार नियोजन केन्द्र।
- कम्प्यूटराईज मशीन द्वारा गर्भस्थ शिशु के धड़कन की जांच। (NST)
- स्तन कैंसर से बचाव व उपचार।
- मेनोपॉज क्लिनिक (रजोनिवृति)।
- पैथोलॉजी।
- फिजियोथेरेपिस्ट उपलब्ध
- न्यूट्रीशियनिस्ट उपलब्ध




# OVARIAN CYST
# OVARIAN LUNP

## अण्डाशय में गांठ

SBH® WOMEN HOSPITAL Pvt. Ltd.
ICSI एवं IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर)
सुपर स्पेशलिटी प्रसूति एवं स्त्रीरोग हॉस्पिटल
विजेता काम्पलेक्स के सामने, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
7440777771, 0771-4017979, 4047462
www.sbhhospital.com

महिलाओं में अण्डाशय के भीतर या उसके सतह पर अगर तरल या ठोस पदार्थ का जमाव हो जाता है तो वह अण्डाशय में गठान का रूप ले लेती है। जिसे **Ovarian Cyst** कहते है।

अण्डाशय की ज्यादातर गठान शरीर को कोई नुकसान नही पहुचाती है बल्कि वह माहवारी के दौरान खुद-ब-खुद निकल जाते है और कुछ गठानों में दवाईयों या ऑपरेशन द्वारा ईलाज की जरूरत पड़ती है।

अगर गठान सिर्फ तरल पदार्थ से भरा है तो उसके कैंसर में परिवर्तित होने की आशंका काफि कम होती है पर अगर गठान में तरल के साथ साथ ठोस पदार्थ भी है तो यह जानना आवश्यक है कि कही यह कैंसर का रूप तो नही ले रहे।

## Ovarian Cyst के लक्षण :-


अधिकांश बार गठान की साईज ज्यादा होने पर लक्षण स्पष्ट तौर पर पर प्रकट नही होते लेकिन कई बार विभिन्न लक्षण हो सकते है जैसे -

1. पेट अथवा कोथे में दर्द।
2. पेट में अत्यधिक सूजन।
3. कमर का आकार बढ़ना।
4. मलाशय या मूत्राशय में दबाव।
5. संभोग के दौरान या बाद में अत्यधिक दर्द होना।
6. अनियमित मासिक।

## Ovarian Cyst के प्रकार :-

### 1. Simple Cyst


यह गठान तरल पदार्थ से भरे हुए होते है जो कि **Pre Menoposal** या **Post Menoposal** दोनो में आम है यह आमतौर पर कैंसर या इसके बढ़ते खतरे का कारण नही बनती है और कई बार अपने आप ही बिना ईलाज ही ठीक हो जाते है। अगर इसका आकार ज्यादा हो या इसके कारण कोई लक्षण उत्पन्न हो रही है तो दवाईयों या ऑपरेशन द्वारा ईलाज की आवश्यकता होती है।





### 2. Complex Cyst

यह गठान रक्त या कठोर पदार्थ से भरा हो सकता है। यह गठान सामान्य गठान की तरह मासिक चक्र से संबंधित नही होते । इनमें से अधिकांश गठाने हानिकारक नही होती। गठानो के कैंसर में परिवर्तित होने की संभावना महिलाओं में रजोनिवृति (**Menopause**) के बाद ज्यादा होती है। इनमे शामिल जैसे -

- **Endometrioma** - इसमें गर्भाशय उस्तर की कोशिकाएं अण्डाशय के आस पास या गर्भाशय या उसके आसपास बढ़ती है और गठान बना लेती है।
- **Dermoid Cyst** - बाल, त्वचा, वसा या दांतों की कोशिकाओं की गठान बनती है।
- **Cystadenoma** - ये **Cyst** अण्डाशय के ऊतक से बने होते है और इनमें बलगम या तरल पदार्थ होते है।




## Diagnosis / निदान

सामान्यता **Simple Cyst** अपने आप ही ठीक हो जाते है परंतु अगर **Cyst** होने की आशंका हो तो डॉक्टर द्वारा परीक्षण कराना चाहिए जैसे -

- श्रोणि परीक्षण (Pelvic Examination)
- सोनोग्राफी - Cyst के प्रकार, आकार और स्थान जानने के लिए।
- खून का परीक्षण - कुछ ऐसे Tumor Markers Protien का पता लगाना जो संदेह दे सकते है कि किसी व्यक्ति को कैंसर तो नही।

## Ovarian Cancer का ईलाज :-

इस कैंसर के उपचार में **Surgery, Chemotherapy** या **Surgery** और **Chemotherapy** का संयोजन और कभी **Radiotherapy** का प्रयोग किया जाता है। उपचार का प्रकार कैंसर के प्रकार स्टेज और मरीज का सामान्य स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार तय किया जाता है।

## Complications / जटिलताएं

- यदि **Cyst** बड़ा हो जाए तो मूत्राशय में दबाव के कारण लगातार पेशाब होने की परेशानी हो सकती है।
- यदि **Cyst** का आकार बढ़ा है तो **Cyst** में मरोड़ हो सकती है जिससे अण्डाशय मुड़ जाता है और यह दर्दनीय स्थिति हो जाती है।
- अण्डाशय की गठान महिला की प्रजनन क्षमता में भी हस्तक्षेप कर सकती है।
- दुर्लभ मामलों में **Complex Cyst** कैंसर के रूप में भी परिवर्तित हो सकती है।

## Treatment / उपचार

**Simple Cyst** (सामान्य गठान) की तुलना में **Complex Cyst** (जटिल गठान) को ईलाज की जरूरत पड़ती है।

अगर **Complex Cyst** का आकार ज्यादा है तो **Cyst** के कारण अत्यधिक दर्द और **Cyst** में मरोड़ आ गई है तो ऐसी कई स्थितियो में ऑपरेशन की आवश्यकता होती है।

## Ovarian Cancer / अण्डाशय का कैंसर

बढ़ती उम्र की महिलाओं में अण्डाशय कैंसर की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। महिलाओं में होने वाली अन्य सभी कैसरों में अण्डाशय की कैंसी होने की संभावना लगभग 4% है।

## Ovarian Cancer से बचाव :-

- गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन से कैंसर का खतरा कम हो जाता है।
- जिनके परिवार के किसी सदस्य को Ovarian Cancer या Uterine Cancer रह चुका है तो ऐसे में महिला को लक्षण का ध्यान रखना चाहिए और नियमित जांच करवाना चाहिए।
- ट्यूबल लाइगेशन (Fallopian Tubes के बंधाव) से भी Ovarian Cancer के रिस्क से बचा जा सकता है
- धुम्रपान, मदिरा, तम्बाकू, आदि का सेवन न करें।
- स्वस्थ वजन बनाए रखें। नियमित व्यायाम करें।

